अनुक्रमांक

नाम

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 04

अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2021-2022

विषय – हिन्दी

समय – 3 घण्टा | कक्षा – 12 | पूर्णांक – 100

नोट – इस प्रश्नपत्र में दो खण्ड 'अ' व 'ब' हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। सभी प्रश्नों के अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

खण्ड–'अ'

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उससे संबंधित प्रश्नों के उत्तर लिखिये–

इस ससार मे प्राणी को हर समय चलते रहना है। गति ही जीवन का सुलक्षण है। सार्थक जीवन वही है, जो कर्मठता व निरन्तर अपने पथ मे अग्रसर रहने का पाठ पढाता है। इसी परिप्रेक्ष्य में चरैवेति–चरैवेति का सिद्धान्त सूत्र बना है। वही मानव विकास की किरणों को देख सकता है। जो आलस्य और उन्माद से बचकर सरलमन के साथ अपने कर्त्तव्य पथ पर सतत चलता रहे। इस हेतु जीवन को अधोमुख करने वाली सभी कुप्रवृत्तियों से परहेज कर हमें अपने भीतर उदात्त प्रवृत्तियों का सचय करना होगा, तभी देश व दुनिया से सही अर्थों मे हमारा नाता भी जुड सकेगा। गीता दर्शन हमे निरन्तर कर्मपथ पर अग्रसर होने की प्रेरणा देता है। कर्म, विकास के पथ को प्रशस्त करता है। सत्कर्म मानव मन मे जन्म लेने वाली कुप्रवित्तयों के दमन का शसक्त साधन है। भगवान श्रीकृष्ण का यह प्रेरणास्पद वचन कि मेरे लिए सब कुछ सुलभ होते हुए भी मैं जनकल्याण के लिए निरन्तर कर्म मे लीन रहता हूँ, विशेष अनुकरणीय है। कर्म रहित जीवन पगु है।

क) जीवन के सुलक्षण को परिभाषित कीजिये। 3

(ख) जीवन को सार्थक कैसे बनाया जा सकता है ? 3

(ग) विकास की किरणों को देखने के लिए मानव का आचरण कैसा होना चाहिये ? 3

(घ) कुप्रवृत्तियों के दमन का सशक्त साधन क्या है और किस रुप मे ? 3

(ड़) उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए ? 3

2. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 200 शब्दों में निबन्ध लिखिये– 10

(क) प्राकृतिक आपदा और उत्तराखण्ड **(ख)** राष्ट्र निर्माण वैश्विक दायित्व

(ग) कोरोना एक वैश्विक चुनौती **(घ)** जीवन में श्रम का महत्व

3. निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिये– 5

(क) 'कोलाज' किसे कहते हैं ? **(ख)** 'लाइव' का क्या अर्थ है ?

(ग) निम्न में से किसे अखबार की अपनी आवाज माना जाता है ?

(अ) संपादकीय (ब) साक्षात्कार (ग) स्तम्भ लेखन

(घ) टी०वी० किस प्रकार की मीडिया है ?

(ड़) निम्नलिखित में एक पत्रिका है–

(अ) अमर उजाला **(ब)** इण्डिया टूडे **(स)** दैनिक जागरण

4. 'निष्पक्ष पत्रकारिता' अथवा 'कम्प्यूटर का गर्म बाजार' विषय पर लगभग 150 शब्दों का आलेख तैयार कीजिये। 5

कृ प उ

docs.aglasem

aglasem.cc

5. **निम्नलिखित काव्यांशों में से किसी एक पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिये–6**

(i) कविता एक खिलना है, फूलों के बहाने,
कविता का खिलना भला फूल क्या जाने।
बाहर भीतर
इस घर, उस हार
बिना मुरझाए महकने के माने
फूल क्या जाने ?
कविता एक खेल है बच्चों के बहाने
बाहर भीतर
यह घर, वह घर
सब घर एक कर देने के माने
बच्चा ही जाने।

(क) कवि नें फूलों के खिलने को कवि की कविता से कम आका है, क्यों ? स्पष्ट कीजिये।

(ख) कविता की तुलना किससे की गई है और किस रुप में ?

(ग) 'सब घर एक कर देने' का अभिप्राय क्या है ?

अथवा

(ii) बच्चे प्रत्याशा में होंगे,
नीडों से झाँक रहे होंगे–
यह ध्यान परों में चिड़ियों भरता कितनी चंचलता है !
दिन जल्दी जल्दी ढलता है।
मुझसे मिलने को कौन विकल ?
मैं होऊँ किसके हित चंचल ?
यह प्रश्न शिथिल करता पद को भरता डार में विछलता है।
दिन जल्दी–जल्दी ढलता है।

(क) पद्यांश कवि और कविता का नाम लिखिये।

(ख) बच्चे किस बात की आशा में नीडों से झाक रहे होंगे ?

(ग) 'दिन जल्दी–जल्दी ढलता है' की आवृत्ति से कविता की किस विशेषता का पता चलता है ?

6. **निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर उससे संबंधित प्रश्नों के उत्तर लिखिये–** 4

"दर्शक
धीरज रखिए
देखिए
हमें दोनों एक संग रुलाने हैं"

(क) उपर्युक्त पंक्तियों के भाव पक्ष पर प्रकाश डालिये।

(ख) उपर्युक्त पंक्तियों के कलापक्ष को लिखिये।

7. **निम्नलिखित में किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर दीजिये–** 4

(क) "जिन्दगी की प्रत्येक परिस्थिति को मुक्तिबोध ने स्वीकारा है।" सहर्ष स्वीकारा है। कविता के अनुसार उक्त कथन को स्पष्ट कीजिये।

docs.aglasem
aglasem.cc

(ख) 'कविता के बहाने' कविता का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिये।

(ग) प्रिय का स्मरण रखने के लिए कवि क्या तरकीब अपनाता है ?

8. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उससे संबंधित प्रश्नों के उत्तर लिखिये–** 6

जीवन के दूसरे परिच्छेद में भी सुख की अपेक्षा दुःख ही अधिक है। जब उसने गेहुए रंग और बिटिया जैसी मुख वाली पहली कन्या के दो संस्करण और कर डाले, तब सासु और जिठानियों ने ओठ बिचकाकर उपेक्षा प्रकट की। उचित भी था, क्यों कि सास तीन–तीन कमाऊ वीरों को विधात्री बनकर मचिया के ऊपर विराजमान पुरखिन के पद पर अभिषिक्त हो चुकी थी और दोनों जिठानियों काक–भुशडी जैसे काले लालो की क्रमबद्ध सृष्टि करके इस पद के लिए उम्मीदार थी।

(क) 'जीवन के दूसरे परिच्छेद का क्या अर्थ है ?' यहाँ किसके जीवन के दूसरे परिच्छेद की चर्चा की जा रही है ?

(ख) पहली कन्या के दो संस्करण का अर्थ बताइये। पहली कन्या के दो संस्करण होने पर जिठानियाँ अपनी देवरानी के लिए ओठ क्यो बिचका रही है ?

(ग) सास पुरखिन के पद पर अपनी किस योग्यता से अभिषिक्त हुई ? उस पद के लिए जिठानियों की उम्मीदवारी किस कारण उचित है ?

अथवा

यहाँ मुझे ज्ञात होता है कि बाजार को सार्थकता भी वही मनुष्य देता है जो जानता है कि वह क्या चाहता है और जो नही जानते कि वे क्या चाहते है। अपनी पर्चेजिंग पावर के गर्व में अपने पैसे से केवल एक विनाशक शक्ति–शैतानी शक्ति, व्यंग्य की शक्ति ही बाजार को देते हैं। न तो वे बाजार से लाभ उठा सकते हैं, न उस बाजार को सच्चा लाभ दे सकते है। वे लोग बाजार का बाजारूपन बढाते है। जिसका मतलब है कि कपट बढाते है। कपट की बढती का अर्थ परस्पर मे सद्भाव की घटी। इस सद्भाव के ह्रास पर आदमी आपस मे भाई–भाई और सुहृद्ध और पडोसी फिर रह ही नही जाते हैं और आपस मे कोरे गाहक और बेचक की तरह व्यवहार करते हैं।

(क) बाजार को सार्थकता कौन दे सकता है ?

(ख) पर्चेजिंग पावर का गर्व किन लोगो को होता है ?

(ग) बाजार को सच्चा लाभ कौन दे सकते है ?

9. **निम्नलिखित में किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर दीजिये–** 3+3

(क) भक्तिन के सम्पर्क मे आ जाने से महादेवी अधिक देहाती कैसे हो गई ?

(ख) 'पानी दे गुड़धानी दे' कहकर बच्चे बादल से पानी और गुड़धानी दोनों की माग क्यों कर रहे है ?

(ग) नमक की पुडिया ले जाने के सम्बन्ध मे सफिया के मन मे क्या द्वन्द्व था ?

10. निम्नलिखित **में किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर दीजिये–** 2+2

(क) 'सिल्वर वैडिंग' कहानी का क्या उद्देश्य है ?

(ख) 'जूझ' कहानी में आपको सर्वाधिक प्रभावित किसने किया और क्यों ?

(ग) क्या हम सिन्धु घाटी सभ्यता को जल–संस्कृति कह सकते है ?

11. सिन्धु घाटी सभ्यता की प्रमुख विशेषतायें बताइये। 5

अथवा

docs.aglasem

aglasem.cc

सिल्वर वेडिंग कहानी के अनुसार यशोधर बाबू का चरित्र चित्रण कीजिये।

खण्ड–'ब'

12. निम्नांकित गद्यांश पठित्वा केवलं त्रीन (3) प्रश्नान् पूर्णवाक्येन उत्तरत– 6

साइमन–आयोगस्य राष्ट्रव्यापी विरोधसमये पण्डित जवाहरलाल नेहरु महोदयस्य प्राणरक्षायै आरक्षकाणा दण्डप्रहारान् स स्वस्थ उपरि असहत। तस्मात् कारणात् आजीवनं तस्य शिर: कम्पते स्म। 1930 तमे वर्षे एष उत्तराखण्डे लवणसत्याग्रहान्दोलनस्य नेतृत्वम् अकरोत्। सत्याग्रहान्दोलनसमये स कारागार प्रेषित:।

(क) 1930 तमे वर्षे गोविन्दबल्लभपन्त: कस्य आन्दोलनस्य नेतृत्वं अकरोत ?

(ख) सत्याग्रहान्दोलनसमये स: कुत्र प्रेषित: ?

(ग) स: कदा नेहरुहोदस्य प्राणरक्षायै आरक्षकाणा दण्डप्रहारान् स्वस्य उपरि असहत?

(घ) दण्ड प्रहारकारणात् किम् अभवत् ?

13. अधोलिखित श्लोकं पठित्वा द्वौ (2) प्रश्नौ पूर्णवाक्येन उत्तरत– 4

विपदि धैर्यमथाभ्युदये क्षमा।
सदसि वाकपटुर्युधि विक्रम:।
यशसि चाभिरुचिर्व्यसनं श्रुतौ।
प्रकृतिसिद्धमिदं हि महत्मनाम्।।

(क) श्रुतौकस्य व्यसनं भवति ?

(ख) महात्मनाम अभिरुचि: कस्मिन भवति ?

(ग) उपर्युक्त श्लोक: कस्मात् ग्रन्थात् उद्धत: अस्ति ?

14. अधोलिखित प्रश्नेभ्य: पञ्च (5) प्रश्नान् संस्कृत भाषायां पूर्णवाक्येन उत्तरत– 10

(क) जिह्वा कीदृश भाषते ?

(ख) पृथिव्या: सबलनात किं जायते ?

(ग) उत्तमजना: किं कुर्वन्ति ?

(घ) केषाम अचैतन्यं न विद्यते ?

(ङ) अनुज: किं करोति स्म ?

(च) नीचे विघ्नभयेन किं न क्रियते ?

(छ) 'मासभक्षणं न करणीयम्' इतिक: भवदत् ?

(ज) टोपिकाधारणं कस्य आत्मगौरवस्य चिन्ह आसीत् ?

15. निम्नांकित शब्द सूचीत: शब्दान् चित्वा चत्वारि (4) वाक्यानि उत्तरपुस्तिकाया लिखत्– 4

शब्द सूची – *स्पर्धा, विद्यालये, गन्तुम्, वयात्, अस्माकम्, तव, छात्रौ, किम्, कुत, राज्ञ:।*

16. (क) समास विग्रह कृत्वा समासस्य नामोल्लेखं च कुरुत– 1

पापमुक्त: ***अथवा*** उपकृष्टाम

(ख) विभक्ति निर्देशनं कुरुत– गुरवे ***अथवा*** वारिणि 1

(ग) 'सरित्' अथवा 'रमा' शब्दस्य चतुर्थी विभक्ते: बहुवचनस्य रुपं लिखत। 1

(घ) 'भू' अथवा 'अस्' धातो: लट्लकारस्य मध्यमपुरुष–एकवचनस्य रुप लिखत। 1

(ङ) (अ) सन्धि कुरुत– पशु + चलति ***अथवा*** स्पर्श: + तेन 1

(ब) सन्धि–विच्छेद कुरुत– कोऽवदत् *अथवा* निस्सार 1

अथवा

अस्मिन प्रश्नपत्रे आगत श्लोक वर्जयत्वा कमपि अन्यं कण्ठस्थं श्लोक लिखित्वा। हिन्दी भाषाया तस्य अनुवादं कुरुत। 3+3

• • • • • •

docs.aglasem
aglasem.cc